वीयू –विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया, यह कार्यक्रम इस वर्ष की थीम **'हमारा अधिकार हमारा भविष्य'** कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों –राशि रजक, प्राची कुमारी, तपस्वनी आदि ने अभिभाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक की वर्षगांठ का स्मरण कराता है, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR)। यह ऐतिहासिक दस्तावेज़ उन अविभाज्य अधिकारों को सुनिश्चित करता है जो हर किसी को एक इंसान के रूप में प्राप्त हैं – चाहे वह किसी भी जाति, रंग, धर्म, लिंग, भाषा, राजनीतिक या अन्य राय, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, संपत्ति, जन्म या अन्य स्थिति का हो, ऐसे दिवस हम सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं, कार्यक्रम का संयोजन एन एस एस ईकाई प्रभारी डॉ सोना दुबे द्वारा किया गया, इस दौरान टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, सत्येंद्र कटारा, प्रियंका गौतम सहित महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे, मंच संचालन प्रतीक कुमार तिवारी तथा आभार डॉ सोना दुबे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर